दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 09-09-2025

# यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी



जींद. सीआरएसयू में योग विज्ञान विभाग में आयोजित यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में लेक्चर में भाग लेते हुए।

जींद| सीआरएसयू में योग विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में लेक्चर करवाया गया। डॉ. कुलदीप नारा ने कहा कि आप सभी अपनी कक्षाओं के साथ-साथ नेट जेआरएफ क्वालिफाई करते हुए यूनिवर्सिटी का सम्मान बढ़ाएं। योग विज्ञान विभाग के इंचार्ज डॉ. वीरेंद्र कुमार ने लेक्चर लेने आए पीएचडी स्कॉलर नवनीत शर्मा का परिचय करवाते हुए बताया कि यह इसी यूनिवर्सिटी में 2019-21 के स्तर में एमए योग के छात्र रहे हैं, जिन्होंने अपने पहले अटेंप्ट में ही नेट जेआरएफ क्वालिफाई किया।

नवनीत शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नेट जेआरएफ को फर्स्ट अटेंप्ट में कैसे क्लियर किया जा सकता है और नेट की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की भी जानकारी दी। जो इस प्रकार है- योग के आधारभूत तत्व, योग महाविज्ञान, योग और योगी, इशादि नौ उपनिषद, उपनिषद सार संग्रह, भगवद गीता, पातंजल योग सूत्र, हठप्रदीपिका, हठ रत्नावली, गोरक्षनाथ, सिद्ध सिद्धांत पद्धति, शिव संहिता, योगवाशिष्ठ, सामान्य मनोविज्ञान, मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान, आहार एवं पोषण, स्वस्थ वृत्त विज्ञान, रोग और योग, मानव चेतना, योग अभ्यासों की अध्यापन विधियां तथा आसन प्राणायाम मुद्रा बंध।

पंजाब केसरी

Date – 09/09/2025

# सी.आर.एस.यू. में यू.जी.सी. नेट जे.आर.एफ. पर लैक्चर आयोजित

जींद, 8 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में योग विज्ञान विभाग में योग विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए यू.जी.सी. नेट जे.आर.एफ. के बारे में लैक्चर करवाया गया।

डॉ. कुलदीप नारा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी अपनी कक्षाओं के साथ-साथ नेट जे.आर.एफ. क्वालीफाई करते हुए यूनिवर्सिटी का सम्मान बढ़ाएं।

योग विज्ञान विभाग के इंचार्ज डॉक्टर वींरेंद्र कुमार द्वारा लैक्चर देने आए पीएच.डी. स्कॉलर नवनीत शर्मा का परिचय करवाते हुए बताया कि यह इसी यूनिवर्सिटी में 2019-21 के स्तर में एम.ए. योग के छात्र रहे हैं जिन्होंने अपने पहले अटैम्प्ट में ही नेट जे.आर.एफ. क्वालीफाई किया। इस समय स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी में पीएच.डी. कर रहे हैं तथा साथ ही बच्चों को ऑनलाइन नेट जे.आर.एफ. की कोचिंग दे रहे हैं।

नवनीत शर्मा ने बताया कि नेट जे.आर.एफ. को फर्स्ट अटैम्प्ट में कैसे क्लियर किया जा सकता है और तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की भी जानकारी दी।

दैनिक जागरण

**Date – 09/09/2025**

# विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक की बहुत अहमियत : डा. सूरा



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते डा . जसवीर सूरा ● सौ. विवि

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ कामर्स एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। डीन और विभागाध्यक्ष डा . जसवीर सूरा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक की काफी अहमियत होती है। विभागाध्यक्ष डा . अजमेर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को अनेक प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसमें विद्यार्थी अपनी प्रतिभागिता को अलग- अलग प्रकार से निखार सकते हैं। विद्यार्थियों ने विभिन्न कलाओं में अपना प्रदर्शन किया। अंकित ने संगीत, दीपिका, मिष्ठी, वंशिका ने डांस की प्रस्तुति दी और ज्योति मित्तल, दिव्या मौजूद रही।

दैनिक सवेरा टाइम्स

**Date – 09/09/2025**

# योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों को दिए नेट जीआरएफ परीक्षा पास करने के टिप्स


व्याख्यान में मौजूद मुख्यवक्ता व विद्यार्थी।

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 8 सितम्बर : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में योग विज्ञान विभाग में योग विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

डॉ. कुलदीप नारा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी अपनी कक्षाओं के साथ-साथ नेट जेआरएफ क्वालीफाई करते हुए विश्वविद्यालय का सामान बढ़ाएं। योग विज्ञान विभाग के इंचार्ज डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता पीएचडी स्कॉलर नवनीत शर्मा का परिचय करवाते हुए बताया कि यह इसी विश्वविद्यालय में 2019-21 के स्तर में एम.ए.योग के छात्र रहे हैं जिन्होंने अपने पहले अटेम्प्ट में ही नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया।

इस समय स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे हैं तथा साथ ही बच्चों को ऑनलाइन नेट जेआरएफ की कोचिंग दे रहे हैं। नवनीत शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नेट जेआरएफ को फर्स्ट अटेम्प्ट में कैसे क्लियर किया जा सकता है और नेट की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की भी जानकारी दी। उन्होंने पुस्तकों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग के आधारभूत तत्व, योग महाविज्ञान, योग और योगी, ईशादि नौ उपनिषद, उपनिषद सार संग्रह, भगवदगीता, पातंजल योगसूत्र, हठपृदीपिका, घेरंडसंहिता, हठरत्नावली, गोरक्षनाथ, सिद्ध सिद्धांत पद्धती, शिव संहिता, योगवाशिष्ठ, सामान्य मनोविज्ञान, मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान, आहार एवं पोषण, स्वस्थवृत्त विज्ञान, रोग और योग, मानव चेतना, योग अभ्यासों की अध्यापन विधियां तथा आसन प्राणायाम मुद्रा बंध इत्यादि पुस्तकें नेट जेआरएफ क्वालीफाई के लिए विशेष सहयोगी हैं। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नवनीत शर्मा को बच्चों को नेट जेआरएफ की विस्तृत जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मंजू सुहाग व डॉक्टर ज्योति मलिक भी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

Date – 09/09/2025

# विद्यार्थियों को नेट जेआरएफ के बारे में दी जानकारी

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में योग विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में लेक्चर करवाया गया। डा. कुलदीप नारा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी कक्षाओं के साथ- साथ नेट जेआरएफ क्वालीफाइ करते हुए विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाएं।

योग विज्ञान विभाग के प्रभारी डा. वीरेंद्र कुमार ने पीएचडी स्कालर नवनीत शर्मा का परिचय करवाते हुए बताया कि यह चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 2019-21 के सत्र में एमए योग के छात्र रहे हैं। जिन्होंने अपने पहले प्रयास में ही नेट जेआरएफ क्वालीफाइ किया। फिलहाल वे स्वामी रामा हिमालयन विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे हैं।



कार्यक्रम में योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थी व स्टाफ● विवि

साथ ही विद्यार्थियों को आनलाइन नेट जेआरएफ की कोचिंग दे रहे हैं। नवनीत शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नेट जेआरएफ को प्रथम प्रयास में कैसे क्वालीफाइ किया जा सकता है, इसके बारे में बताया। साथ ही नेट की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की भी जानकारी दी। जिनमें योग के आधारभूत तत्व, योग महाविज्ञान, योग और योगी, ईशादि नौ उपनिषद, उपनिषद सार संग्रह, भगवद् गीता, पातंजल योग सूत्र, हठप्रदीपिका, घेरंड संहिता, हठ रत्नावली, गोरक्षनाथ, सिद्ध सिद्धांत पद्धति, शिव संहिता, योगवाशिष्ठ, सामान्य मनोविज्ञान शामिल हैं।

अमर उजाला

Date – 09/09/2025

# विद्यार्थियों को नेट जेआरएफ के बारे में दी जानकारी

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में योग विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों के लिए यूजीसी नेट जेआरएफ के बारे में लेक्चर करवाया गया। डा. कुलदीप नारा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी कक्षाओं के साथ- साथ नेट जेआरएफ क्वालीफाइ करते हुए विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाएं।

योग विज्ञान विभाग के प्रभारी डा. वीरेंद्र कुमार ने पीएचडी स्कालर नवनीत शर्मा का परिचय करवाते हुए बताया कि यह चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 2019-21 के सत्र में एमए योग के छात्र रहे हैं। जिन्होंने अपने पहले प्रयास में ही नेट जेआरएफ क्वालीफाइ किया। फिलहाल वे स्वामी रामा हिमालयन विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे हैं।



कार्यक्रम में योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थी व स्टाफ● विवि

साथ ही विद्यार्थियों को आनलाइन नेट जेआरएफ की कोचिंग दे रहे हैं। नवनीत शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नेट जेआरएफ को प्रथम प्रयास में कैसे क्वालीफाइ किया जा सकता है, इसके बारे में बताया। साथ ही नेट की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों की भी जानकारी दी। जिनमें योग के आधारभूत तत्व, योग महाविज्ञान, योग और योगी, ईशादि नौ उपनिषद, उपनिषद सार संग्रह, भगवद् गीता, पातंजल योग सूत्र, हठप्रदीपिका, घेरंड संहिता, हठ रत्नावली, गोरक्षनाथ, सिद्ध सिद्धांत पद्धति, शिव संहिता, योगवाशिष्ठ, सामान्य मनोविज्ञान शामिल हैं।